Ans. (b) जैत सागर तालाब (बूँदी जिला) अरावली पर्वतमाला में स्थित है। इस तालाब का निर्माण जैता मीणा ने करवाया था।

807. निम्न में से राजस्थान के किस जिले में 'तालछापर' झील अवस्थित है?

(a) चूरू (b) उदयपुर
(c) भरतपुर (d) अलवर

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (a) 'तालछापर' झील राजस्थान के चूरू जिले में स्थित है। यह तालछापर अभ्यारण्य का हिस्सा है। भरतपुर में मोती झील उदयपुर में जयसमंद, फतेहसागर, पिछोलाझील एवं अलवर में सिलीसेढ, विजयसागर, व जयसागर झीलें स्थित हैं।

808. राजस्थान के किस जिले में 'कायलाना झील' स्थित है?

(a) अजमेर (b) जोधपुर
(c) कोटा (d) बूँदी

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (b) कायलाना झील राजस्थान के जोधपुर जिले में स्थित है। यह मीठे पानी की कृत्रिम झील है जो जोधपुर शहर से 8 किमी0 की दूरी पर स्थित है।

809. शेखावाटी के अन्तःप्रवाही क्षेत्र में निर्मित कच्चे जल स्त्रोत को किस नाम से जाना जाता है?

(a) कुआँ (b) जोहर
(c) कुण्ड (d) नाड़ा

Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019
कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) शेखावाटी भू-भाग आंतरिक प्रवाह मैदान क्षेत्र है। इस प्रदेश में केवल कातली नदी बहती है। इस क्षेत्र में चूनेदार अधः स्तर पाए जाते हैं। इससे पक्के व कच्चे जल स्त्रोत बनाए जाते हैं। इन जल स्त्रोतों को स्थानीय भाषा में जोहर (तालाब) कहा जाता है।

810. किस नगर को 'झीलों की नगरी' कहा जाता है?

(a) अलवर (b) उदयपुर
(c) जयपुर (d) बाँसवाड़ा

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (b) 'उदयपुर' को झीलों की नगरी कहा जाता है। पिछौला झील, दूध तलाई झील, फतेह सागर झील एवं जयसमंद झील उदयपुर की प्रमुख झीलें हैं।

811. जल महल स्थित हैः

(a) मान सागर झील में (b) रामगढ़ झील में
(c) तालकटोरा झील में (d) माओठा झील में

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (a) जल महल राजस्थान की राजधानी जयपुर के मान सागर झील के मध्य स्थित है। इस महल को रोमांटिक महल के नाम से भी जाना जाता है। इस महल का निर्माण जय सिंह द्वितीय द्वारा करवाया गया था।

812. उदयसागर झील में जल प्रवाहित करने वाली नदी कौन सी है?

(a) पार्वती (b) कोठारी
(c) आयड़ (d) गोमती

सहायक अग्निशमन अधिकारी (एएफओ) -2021

Ans. (c) उदयसागर झील में जल प्रवाहित करने वाली नदी आयड़ नदी है उदयसागर झील का निर्माण महाराणा उदयसिंह ने 1559 ई0 में शुरू करवाया था। यह उदयपुर में स्थित पांच प्रमुख झीलों में से एक है। ज्ञातव्य है कि आयड़ नदी का उद्गम उदयपुर जिलों में गोगुंदा की पहाड़ियों से होता है और उदयसागर झील में मिलने के पश्चात यह 'बेड़च' नाम से जानी जाती है। यह नदी उदयपुर,चित्तौड़ जिलों में होकर बहती हुई अन्त में भीलवाड़ा जिले में बनास नदी में मिल जाती है।

813. निम्न में से कौन सी लवणीय झील नहीं है?

(a) डीडवाना (b) कोलायत
(c) पचपद्रा (d) कावोद

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (b) : कोलायत झील राजस्थान के बीकानेर जिले में स्थित है। यह मीठे पानी की झील है इस झील को ''राजस्थान के सुंदर उद्यान'' के रूप में भी जाना जाता है। इसके समीप ही सांख्य दर्शन के प्रणेता कपिल मुनि का आश्रम है। ऐसी मान्यता है कि कपिल मुनि ने अपनी माता की मुक्ति के लिए कोलायत झील की उत्पत्ति की थी। यहाँ पर कार्तिक मास की पूर्णिमा (नवम्बर माह) में मेला लगता था

→ प्रश्नगत शेष झीले डीडवाना, पचपद्रा, कावोद, लवणीय झीलें है।

814. 'तख्त सागर' नामक जल काय राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) जालौर (d) झुन्झुनू

कर सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) तख्त सागर नामक जलकाय राजस्थान के जोधपुर जिले में तख्त सागर पहाड़ियों के पास स्थित है। इसका नामकरण 19वीं शताब्दी में जोधपुर के शासक राजा तख्त सिंह के नाम पर किया गया है। इसी झील के किनारे प्राचीन सिद्धनाथ शिव मंदिर स्थित है। जोधपुर में स्थित अन्य झीलें/जलकाय-बीसलपुर बांध, बालसमंद झील, प्रताप सागर झील, उम्मेद सागर झील, कायलाना झील, पिचियाक बांध हैं।

815. बालसमंद और कायलाना झील राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(a) जैसलमेर (b) बाड़मेर
(c) जोधपुर (d) उदयपुर

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (c) राजस्थान की प्रमुख मीठे पानी की झीलें निम्न हैं-

	झील	स्थान
(i)	जयसमन्द -	उदयपुर
(ii)	पिछोला -	उदयपुर
(iii)	फतेहसागर-	उदयपुर
(iv)	राजसमंद -	राजसमंद
(v)	आना सागर -	अजमेर
(vi)	सिलीसेढ़ -	अलवर